SEAL

**DO NOT OPEN THE SEAL UNTIL INSTRUCTED TO DO SO**

Series : **a**

**Question Booklet No.** **400037**

**DT/08/24**

**PAPER—II**

**HINDI**

*Invigilator's Signature*

*Candidate's Signature*

**Time : 2 Hours**

**Maximum Marks : 100**

**ROLL NO.**

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Immediately after the commencement of the Examination, candidate should check that this Booklet does **NOT** have any unprinted, torn or missing pages/Sl. No. etc. If any defect is found, candidates should not write or mark anything on the OMR RESPONSE SHEET and immediately report it to the room Invigilator for replacement by a Complete Question Booklet.
2. Candidate should carefully read the instructions on the back of the OMR RESPONSE SHEET. They should **NOT** write Name, mark, make any stray marking or write anything irrelevant on either side of the OMR RESPONSE SHEET. Remarks other than the Answers and requisite details will be treated as revealing your identity and upon physical verification, if such remarks are found, the OMR RESPONSE SHEET will be invalidated and the candidature cancelled. No rough work should be done on the OMR RESPONSE SHEET. Rough work space provided in the Question Booklet can be used for the same.
3. Candidate should enter correct and complete digits of his/her Roll Number, Booklet Number and other details in the appropriate boxes and darken the corresponding bubbles in the OMR RESPONSE SHEET.
4. Candidate should **NOT** handle his/her OMR RESPONSE SHEET in such a manner as to mutilate, fold etc.
5. This Question Booklet contains **100** questions carrying 1 (one) mark each. Each question contains four responses. **Only one response/answer** for each question should be marked appropriately in the bubble on the OMR RESPONSE SHEET. If more than one response is marked, the answer will be considered wrong.
6. **Candidates are strictly prohibited to possess any book, notebook or loose paper, calculator, mobile phone, any electronic gadget, digital wristwatch etc., inside the Examination Hall, except his/her Unique ID, Admit Card and writing materials only.**
7. Immediately after the final bell, indicating the closure of the Examination, candidates should stop marking answers. Candidates should remain seated till the collection of OMR RESPONSE SHEET by the Invigilator. They will leave the Examination Hall after submission of OMR only after they are permitted by the Invigilator.
8. Violation of any of the above Rules will render the candidate liable to be expelled and disqualified from the Examination and according to the nature and gravity of his/her offence, he/she may be debarred from future Examinations and interviews to be conducted by the Commission and other such organizations.

**NB : CANDIDATES ARE ALLOWED TO TAKE THIS QUESTION BOOKLET WITH THEM ONLY AFTER COMPLETION OF 2 (TWO) HOURS OF EXAMINATION TIME.**

**DO NOT OPEN THE SEAL UNTIL INSTRUCTED TO DO SO**



SEAL

SEAL

1. भाषा की सबसे छोटी इकाई को क्या कहा जाता है?

[A] शब्द

[B] उच्चारण

[C] पद

[D] वर्ण

2. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाएँ शामिल हैं?

[A] 22

[B] 24

[C] 20

[D] 26

3. भाषा किसे कहते हैं?

[A] भाषण देने की कला को

[B] लिखने के ढंग को

[C] संकेत साधन को

[D] भावों के आदान–प्रदान के साधन को

4. भाषा को शुद्ध रूप से लिखना, पढ़ना और बोलना सिखाने वाला शास्त्र क्या कहलाता है?

[A] लिखित भाषा

[B] लिपि

[C] व्याकरण

[D] नियम

5. अरुणाचल प्रदेश में सबसे ज्यादा लोगों द्वारा बोली जाने वाली स्थानीय भाषा कौन–सी है?

[A] न्यिशी

[B] आदी

[C] नोक्टे

[D] गालो

6. निम्नलिखित में से किस भाषा को हाल ही में शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्राप्त हुआ है?

[A] पाली

[B] भोजपुरी

[C] मागधी

[D] राजस्थानी

7. भाषा अधिग्रहण या भाषा अर्जन की प्रक्रिया में निम्न में कौन–सा तत्व सहायक है?

[A] भाषा अर्जन के लिए समृद्ध भाषिक परिवेश होना

[B] भाषा अर्जन आसपास के वातावरण और लोगों के बीच अंत:क्रिया से होता है

[C] मूल भाषा माता–पिता के सान्निध्य में रहकर सीखी जाती है

[D] उपर्युक्त सभी

8. 'हिन्दी दिवस' कब मनाया जाता है?

[A] 14 सितंबर

[B] 15 सितंबर

[C] 14 अगस्त

[D] 15 अगस्त

9. निम्नलिखित में से कौन–सी हिन्दी की बोली नहीं है?

[A] आओ

[B] अवधि

[C] भोजपुरी

[D] ब्रज

10. सभी शिक्षार्थियों (भिन्न रूप से सक्षम शिक्षार्थियों सहित) को व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कार्य करने की अवसर पर प्रोत्साहन दिया जाए, ताकि उन्हें

[A] अपनी भाषा में अपनी बात कहने, बातचीत करने की भरपूर आजादी और अवसर उपलब्ध हो

[B] प्रश्न पूछने एवं अपनी बात अभिव्यक्त करने के अवसर उपलब्ध हों

[C] सकारात्मक परिवेश में भाषा सीखने की प्रक्रिया हासिल हो

[D] उपर्युक्त सभी

11. राजभाषा किसे कहते हैं?

[A] राज-काज की भाषा

[B] किसी राज्य के व्यक्तियों द्वारा बोली जाने वाली भाषा

[C] राज्य की सम्पर्क भाषा

[D] उपर्युक्त में से कोई नहीं

12. भाषा के क्षेत्रीय रूप को क्या कहते हैं?

[A] मौखिक

[B] बोली

[C] राजभाषा

[D] लिखित भाषा

13. निम्नलिखित में से महाप्राण ध्वनि कौन-सी है?

[A] क

[B] ग

[C] घ

[D] च

14. देवनागरी लिपि का सर्वप्रथम प्रयोग कहाँ मिलता है?

[A] जयभट्ट के शिलालेख में

[B] अशोक के शिलालेख में

[C] जयनगर के शिलालेख में

[D] दिल्ली के शिलालेख में

15. हिन्दी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?

[A] गुरुमुखी

[B] ब्राह्मी

[C] देवनागरी

[D] सौराष्ट्री

16. लिपि की आवश्यकता क्यों होती है?

[A] भाषा लिखने में

[B] भाषा की व्याख्या करने में

[C] भाषा समझाने में

[D] भाषा बोलने में

17. देवनागरी लिपि का विकास किस लिपि से हुआ?

[A] खरोष्ठी

[B] ब्राह्मी

[C] गुप्त लिपि

[D] शारदा

18. निम्न में से कौन-सी देवनागरी लिपि की विशेषता **नहीं** है?

[A] यह बाएँ से दाएँ लिखी जाती है

[B] इनमें स्वरों के लिए स्वतंत्र चिह्न होते हैं

[C] लिपि चिह्नों के नाम ध्वनि के अनुसार होते हैं

[D] उपर्युक्त में से कोई नहीं

19. कविता शिक्षण की आवश्यकता के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा कथन अमान्य है?

[A] भावों और अनुभूतियों के साथ विद्यार्थियों का तादात्म्य स्थापित करना।

[B] काव्य–शैलियों का परिचय करवाना।

[C] विद्यार्थियों में कविता पठन के प्रति रुचि जाग्रत करना।

[D] लेखक बनने का प्रेरणा देना।

20. विद्यार्थियों के लिए शिक्षकों को कक्षा के वातावरण में सकारात्मकता को बढ़ावा देने की आवश्यकता है ताकि विद्यार्थी _____ अनुभव कर सकें।

[A] सुरक्षित और स्वीकृत

[B] संरक्षित और अनिश्चित

[C] अलग और देखने योग्य

[D] एकांत और सतर्क

21. यू० डी०एल० (UDL) सिद्धांत का उद्देश्य है

[A] विद्यार्थियों को सफलता का समान अवसर प्रदान करना

[B] विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री उपलब्ध न कराना

[C] विद्यार्थियों को अभिव्यक्ति के अवसर प्रदान न करना

[D] उपर्युक्त में से कोई नहीं

22. निम्नलिखित में से कौन–सी कला, प्रदर्शन कला **नहीं** है?

[A] चित्रकला

[B] स्वाभिनय

[C] संगीत

[D] नृत्य

23. शिक्षणशास्त्र–विषयवस्तु ज्ञान की संकल्पना में निम्न में से कौन–सा बिंदु सहायक **नहीं** है?

[A] शिक्षणशास्त्र–विषयवस्तु ज्ञान

[B] विषय की शिक्षणशास्त्र सम्बन्धी समझ

[C] छात्रों की अधिगम सम्बन्धी आवश्यकताएं एवं विविधता

[D] विद्यालय के भौतिक संसाधन

24. पाठ्यचर्या चलने के दौरान, पूर्व प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम में, शिक्षणशास्त्र के तीन मुख्य तत्व/घटक कौन–से हैं?

[A] खेल, परस्पर संवाद और परिवेश

[B] खेल, अनुभवात्मक अधिगम और पर्यावरण

[C] खेल, अनुभवात्मक अधिगम और कहानी कहना

[D] खेल, कहानी कहना और पढ़ना

25. निम्नलिखित में कौन–सी, गद्य की विशेषता **नहीं** है?

[A] गद्य व्याकरण सम्मत होता है

[B] गद्य वस्तुतः भाषा का लिखित रूप है

[C] गद्य में गांभीर्य होता है

[D] गद्य तुकांत होता है

26. गद्य शिक्षण क्यों महत्वपूर्ण है?

[A] गद्य में लय होती है

[B] गद्य के द्वारा कठिनाई से निपटना सिखाया जाता है

[C] गद्य में सृजनात्मक सरलता विद्यमान होती है

[D] गद्य के द्वारा छात्र–छात्राओं को लेखक बनाने के लिए अभिप्रेरित किया जाता है

**27.** गद्य शिक्षण के उद्देश्य के संबंध में कौन–सा कथन **असत्य** है?

[A] छात्र–छात्राओं के शब्दकोश में अभिवृद्धि करना

[B] छात्र–छात्राओं के उच्चारण को शुद्ध करना

[C] मुहावरों एवं लोकोक्तियों की जानकारी, उनके अर्थ और प्रयोग का ज्ञान कराना

[D] केवल उच्चारण की शुद्धता पर बल देना

**28.** कविता में अभिरुचि विकसित करने का साधन है

[A] कवि सम्मेलन

[B] प्रभावशाली पाठ

[C] सरल व्याख्या

[D] उपर्युक्त सभी

**29.** कविता शिक्षण में ध्यातव्य बिन्दु क्या है?

[A] शिक्षण द्वारा कविता का पाठ किया जाना चाहिए

[B] केवल रस पर ध्यान देना चाहिए

[C] केवल भावात्मक विकास पर बल देना चाहिए

[D] शिक्षक द्वारा कविता का लयानुसार पाठ किया जाना चाहिए

**30.** नाटक शिक्षण क्यों महत्वपूर्ण माना जाता है?

[A] नाटक शिक्षण में छात्रों को अच्छा अंक प्राप्त होता है

[B] नाटक शिक्षण से विद्यार्थियों का भाषा ज्ञान बढ़ता है और अभिनय की प्रेरणा मिलती है

[C] नाटक शिक्षण से शुद्ध लिखने और पढ़ने की शिक्षा प्राप्त होती है

[D] यह खेल का एक प्रकार है

**31.** छात्रों को नाटक शिक्षण किस / किन रीति / रीतियों से कराया जाना चाहिए?

[A] व्याख्या विधि

[B] कक्षाभिनय

[C] रंगमंच अभिनय विधि

[D] उपर्युक्त सभी

**32.** कहानी शिक्षण का उद्देश्य क्या है?

[A] कहानी मनोरंजन का साधन है

[B] कहानी शिक्षण से छात्रों को कहानीकार बनने की प्रेरणा मिलती है

[C] कहानी के माध्यम से जीवन के विविध पक्षों का ज्ञान होता है

[D] कहानी गद्य / पद्य मिश्रित शैली में लिखी जाती है

**33.** हिन्दी शिक्षण में किस सामग्री का प्रयोग **नहीं** होता है?

[A] पाठ्यपुस्तक

[B] चित्र

[C] परखनली

[D] रेखाचित्र

**34.** हिन्दी शिक्षण में सहायक सामग्री का प्रयोग किया जाता है

[A] पाठ की विषयवस्तु को रोचक बनाने के लिए

[B] विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित करने के लिए

[C] काल्पनिक दृश्यों को स्थूल आधार प्रदान करने के लिए

[D] उपर्युक्त सभी

35. सप्तांग योग किससे संबंधित है?

[A] शिव संहिता से

[B] हठयोग प्रदीपिका से

[C] घेरण्ड संहिता से

[D] योगसूत्र से

36. कर्णम मल्लेश्वरी किस खेल से संबंधित हैं?

[A] निशानेबाजी

[B] भारोत्तोलन

[C] तीरंदाजी

[D] मुक्केबाज़ी

37. 'आयरन' शब्द किस खेल से संबंधित है?

[A] गोल्फ

[B] कराटे

[C] बेसबॉल

[D] शतरंज

38. हिन्दी साहित्य के आदिकाल को 'सिद्ध-सामंत काल' किस विद्वान ने कहा है?

[A] रामचंद्र शुक्ल

[B] रामकुमार वर्मा

[C] राहुल सांकृत्यायन

[D] जॉर्ज ग्रियर्सन

39. रीतिकाल को 'अलंकृत काल' नाम किस विद्वान ने दिया?

[A] मिश्र बंधु

[B] विश्वनाथ

[C] रामचंद्र शुक्ल

[D] हजारी प्रसाद द्विवेदी

40. ज्ञानमार्गी काव्य का प्रधान रस है

[A] वीर रस

[B] श्रृंगार रस

[C] वात्सल्य रस

[D] शांत रस

41. हिन्दी साहित्य के आधुनिक काल का प्रथम चरण किस नाम से जाना जाता है?

[A] द्विवेदी युग

[B] शुक्ल युग

[C] भारतेन्दु युग

[D] प्रेमचंद युग

42. 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्' किस विद्वान की उक्ति है?

[A] भामह

[B] जगन्नाथ

[C] भरतमुनि

[D] शंकुक

**43.** प्रतिभा के दो भेद (सहजा और उत्पाद्या) किसने किए?

[A] चंद्रशेखर

[B] दण्डी

[C] रुद्रट

[D] कुंतक

**44.** प्रतिभा को काव्य निर्माण का एकमात्र हेतु मानने के कारण किस आचार्य को प्रतिभावादी कहा जाता है?

[A] रुद्रट

[B] शंकुक

[C] भामह

[D] पंडितराज जगन्नाथ

**45.** भावयित्री प्रतिभा किसमें होती है?

[A] कर्ता

[B] सहृदय

[C] अनुकरण

[D] दर्शक

**46.** 'शरीरं तावदिष्टार्थ  व्यवच्छिन्ना पदावली' कथन किसका है?

[A] भामह

[B] रुद्रट

[C] दण्डी

[D] जगन्नाथ

**47.** जन्म काल के अनुसार निम्नलिखित में से पहले कौन हैं?

[A] लोंजाइनस

[B] अरस्तू

[C] प्लेटो

[D] वर्ड्सवर्थ

**48.** 'इयोन' किसकी रचना है?

[A] अरस्तू

[B] प्लेटो

[C] लोंजाइनस

[D] इलियट

**49.** यूनानी शब्द 'मिमेमिस' का अर्थ क्या है?

[A] अनुसरण

[B] अनुकथन

[C] अनुकरण

[D] अनुक्रमण

**50.** लोंजाइनस कृत 'पेरिहुप्सुस' किस प्रकार की रचना है?

[A] जीवन-शास्त्र

[B] भाषण-शास्त्र

[C] सौंदर्यवादी

[D] कलावादी

51. किस विधि में मातृभाषा को बिना माध्यम बनाए भाषा सीखी जाती है?

[A] प्रत्यक्ष विधि

[B] व्याकरण विधि

[C] व्याकरण अनुवाद विधि

[D] समवाय विधि

52. भाषा शिक्षण की प्रयोजन विधि की विचारधारा के जनक कौन हैं?

[A] जॉन डीवी

[B] अरस्तू

[C] सुकरात

[D] किलपैट्रिक

53. पद्य शिक्षण के उद्देश्यों में निम्न में से कौन-सा शामिल **नहीं** है?

[A] पद्य विधा से परिचित होना

[B] कल्पनाशीलता को बढ़ाना

[C] पद्य की व्याख्या नहीं कर पाना

[D] पद्य की लय और ताल का आनन्द उठा पाना

54. कौन-सा उपागम (Approach) यह मानता है कि 'भाषा मुख्य रूप से अर्थ निर्माण का साधन है?'

[A] क्रिया आधारित भाषा के पठन से

[B] संज्ञा आधारित भाषा के पठन से

[C] सर्वनाम आधारित भाषा के पठंन से

[D] उपर्युक्त में से कोई नहीं

55. भाषा की कक्षा में कथा-कथन की महत्वपूर्ण भूमिका है, क्योंकि

[A] बच्चों में सजगता और सृजनशीलता बढ़ाते हुए उन्हें काल्पनिक दुनिया की सैर कराती है

[B] बच्चों में सृजनात्मकता और चिंतनशीलता को विस्तार देती है

[C] बच्चों की महत्वपूर्ण सोच कौशल और उनकी अंतर्दृष्टि को बढ़ावा देती है

[D] उपर्युक्त सभी

56. निम्न में से कौन-सी समग्र परियोजना कार्य की विशेषता **नहीं** है?

[A] यह परीक्षा का विकल्प नहीं, बल्कि पूरक है

[B] इसका मुख्य उद्देश्य केवल परिणाम का मूल्यांकन करना नहीं है, बल्कि सम्पूर्ण प्रक्रिया का मूल्यांकन भी है

[C] छात्र, परियोजना के दायरे और कठिनाई के अनुसार अकेले या समूह के साथ काम कर सकते हैं

[D] यह मूल्यांकन की एक प्रक्रिया नहीं है

57. पाठ्यपुस्तक रचना के सोपानों का क्रम है

[A] विषय सामग्री का चयन, स्तरीकरण और प्रस्तुतीकरण

[B] स्तरीकरण, विषय सामग्री का चयन और प्रस्तुतीकरण

[C] प्रस्तुतीकरण, स्तरीकरण और विषय सामग्री का चयन

[D] प्रस्तुतीकरण, विषय सामग्री का चयन और स्तरीकरण

58. निम्न में से कौन-सा पाठ योजना का हिस्सा **नहीं** है?

[A] शिक्षक, पाठ योजना में शिक्षण को एक दिशा प्रदान करता है

[B] पाठ योजना, कक्षा नियंत्रण में सहायता प्रदान नहीं करती है

[C] एक अच्छी पाठ योजना, शिक्षक के लिए पथ-प्रदर्शन का काम करती है

[D] शिक्षक, पाठ योजना के आधार पर शैक्षिक लक्ष्य को प्राप्त करता है

59. शिक्षक को भाषा शिक्षण के दौरान किन उद्देश्यों को ध्यान में रखना चाहिए?

[A] विद्यार्थियों को शुद्ध बोलने तथा लिखने का ज्ञान देना

[B] पठन-पाठन के प्रति रुचि उत्पन्न करना

[C] छात्रों को लोकोक्तियों एवं मुहावरों का ज्ञान कराना

[D] उपर्युक्त सभी

60. निम्न में से कौन-सा, उपलब्धि परीक्षण के निर्माण का चरण **नहीं** है?

[A] शैक्षणिक उद्देश्यों को लिखना

[B] प्रश्न निर्माण करना

[C] समायोजन करना

[D] छात्रों की कमियों के कारणों की जानकारी प्राप्त करना

61. शिक्षार्थियों को सीखने तथा विषय में महारत प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जा सकता है, बशर्ते

[A] वे जानते हों कि परीक्षाओं में विषयवस्तु के प्रति उनकी समझ के लिए उनकी परीक्षा ली जाएगी

[B] उन्हें विश्वास हो कि जो काम वे कर रहे हैं वह रोचक हैं तथा उनके स्वयं के और शिक्षक के जीवन से संबंधित हैं

[C] उन्हें इस बात का पूर्वाभास हो कि उन्हें निर्देशात्मक उद्देश्यों की उपलब्धि के लिए सकारात्मक पुनर्बलन मिलेगा

[D] वे इस बात को महसूस करते हों कि एक तरह के कार्य में वे अपने सहपाठियों में बेहतर निष्पादन कर सकते हैं

62. हिन्दी गद्य-शिक्षण की पाठ-योजना में उद्देश्य-कथन आता है

[A] प्रस्तावना प्रश्न के पश्चात्

[B] पूर्वज्ञान के पश्चात्

[C] आदर्श वाचन के पश्चात्

[D] मौन वाचन के पहले

63. उच्च प्राथमिक स्तर पर कहानी और कविता पढ़ने के बाद यह जरूरी है कि विद्यार्थी

[A] प्रश्नों के लिखित उत्तर दे सकें

[B] अपने अनुभव संसार से जोड़ सकें

[C] उसे अपने शब्दों में दोहरा सकें

[D] विपरीत भाव की कहानी या कविता लिख सकें

64. भाषा–शिक्षण के संदर्भ में, बाल–साहित्य का उद्देश्य होता है

[A] बच्चों को जीवन–कौशल सिखाना

[B] बच्चों को भाषा के नियमों की जानकारी देना

[C] बच्चों को उत्साही पाठक बनने के लिए प्रोत्साहित करना

[D] बच्चों को साहित्यिक विधाओं से परिचित करवाना

65. एक बच्चे की वृद्धि और विकास के अध्ययन की सर्वाधिक अच्छी विधि कौन–सी है?

[A] मनोविश्लेषण विधि

[B] तुलनात्मक विधि

[C] विकासीय विधि

[D] सांख्यिकी विधि

66. निम्नलिखित में से कौन–सा कथन, पाठ्यक्रम के लिए मान्य **नहीं** है?

[A] यह स्कूलों में शिक्षा के उद्देश्यों को लागू करने के लिए डिजाईन की गयी नियोजित गतिविधियों का एक समूह है

[B] यह भारत में विभिन्न स्तरों पर शिक्षा के लिए दृष्टि प्रदान करता है

[C] इसमें पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तकों, शिक्षा शास्त्र और मूल्यांकन विधियों को शामिल किया गया है

[D] यह राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा से विकसित होता है

67. एक शिक्षक, कक्षा के कार्य को एकत्रित कर छात्रों की जरूरतों के अनुसार अगले पाठ की योजना बनाता है। वह कर रहा है

[A] पढ़ने के लिए आकलन

[B] पाठ्यक्रम का आकलन

[C] राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की तैयारी

[D] सीखने के लिए आकलन

68. मुख्यतः शिक्षण विधि के प्रकार माने जाते हैं

[A] 6

[B] 5

[C] 4

[D] 3

69. द्वितीय भाषा के रूप में हिन्दी शिक्षण का उद्देश्य है

[A] भाषा के प्रयोग में कुशलता प्राप्त करना

[B] अन्य भाषा–भाषी लोगों के साथ विचारों का आदान–प्रदान करना

[C] अन्य भाषा–भाषी समाज की सांस्कृतिक विशषताओं से परिचित होना

[D] उपर्युक्त सभी

70. 'अर्जुन अवार्ड' किस स्तर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दिया जाता है?

[A] ग्रामीण

[B] क्षेत्रीय

[C] राष्ट्रीय

[D] अन्तरराष्ट्रीय

71. राष्ट्रीय खेल दिवस कब मनाया जाता है?

[A] 12 जनवरी

[B] 20 जुलाई

[C] 29 अगस्त

[D] 15 दिसंबर

72. व्याकरण की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य कौन–सा है?

[A] हमें परस्पर में सहयोग करना चाहिए।

[B] यहाँ गाय का शुद्ध दूध मिलता है।

[C] यद्यपि वह मोटा है, फिर भी तेज दौड़ता है।

[D] कृपया शीघ्र उत्तर दें।

**73.** निम्नलिखित में से अल्पप्राण ध्वनि कौन-सी है?

[A] ख

[B] ह

[C] ग

[D] प्र

**74.** ध्वनि विज्ञान की कितनी शाखाएँ हैं?

[A] 5

[B] 4

[C] 3

[D] 2

**75.** गद्य शिक्षण में किसका विशेष महत्त्व **नहीं** है?

[A] अनुकरण वाचन का

[B] विचार विश्लेषण का

[C] काठिन्य निवारण का

[D] लययुक्त सस्वर वाचन का

**76.** सूक्ष्म शिक्षण विधि के जनक कौन हैं?

[A] पैक एवं टकर

[B] डी०डब्ल्यू०एलेन

[C] मैक कॉलन

[D] क्लिफ्ट

**77.** क्रियात्मक अनुसंधान में 'क्रियात्मक' शब्द का क्या अर्थ है?

[A] प्राथमिक डेटा एकत्र किया जाता है

[B] अध्ययन सीधे कार्य की ओर ले जाता है

[C] इसमें शिक्षक सीधे तौर पर शामिल है

[D] अध्ययन, प्रकृति में वैज्ञानिक है

**78.** कविता शिक्षण का मूल उद्देश्य क्या है?

[A] भाषा ज्ञान कराना

[B] कविता की व्याख्या कराना

[C] कविता की विधा से परिचय कराना

[D] कल्पनाशीलता को आगे बढ़ाना

**79.** कक्षा में कथा श्रवण बार-बार होना चाहिए, क्योंकि

[A] श्रवण कौशल का सबसे रोचक साधन कथा है

[B] भाषा शिक्षण में श्रवण कौशल, भाषा अधिगम करने में प्रथम कौशल है

[C] छात्र, शिक्षण के प्रति उदासीन नहीं होते हैं

[D] उपरोक्त सभी

**80.** प्राथमिक स्तर पर व्याकरण-शिक्षण की सर्वाधिक उत्तम विधि है

[A] सूत्र विधि

[B] व्याख्यान विधि

[C] भाषण विधि

[D] आगमन विधि

**81.** वाक् कौशल को बढ़ाने के लिए सबसे उत्तम उपाय क्या है?

[A] श्रवण कौशल

[B] संभाषण कौशल

[C] लेखन कौशल

[D] उपर्युक्त सभी

82. 'वाक्यं रसात्मकं काव्यं' किसकी उक्ति है?

[A] आचार्य विश्वनाथ

[B] आचार्य वामन

[C] आचार्य मम्मट

[D] आचार्य रुद्रट

83. ध्वनि की लघुतम इकाई कहलाती है

[A] स्वन

[B] वाक्य

[C] अर्थ

[D] उपर्युक्त में से कोई नहीं

84. भाषा उच्चारण के आधार पर ध्वनि के कितने भेद हैं?

[A] 6

[B] 4

[C] 3

[D] 2

85. 'फ' ध्वनि का उच्चारण स्थान क्या है?

[A] दंत

[B] ओष्ठ

[C] कंठ

[D] उपर्युक्त में से कोई नहीं

86. लेखन कौशल के प्रमुखतः कितने भेद हैं?

[A] 6

[B] 5

[C] 4

[D] 3

87. वाक्य संरचना कितने प्रकार की होती है?

[A] 4

[B] 3

[C] 2

[D] उपर्युक्त में से कोई नहीं

88. श्रवण कौशल शिक्षण की क्या विशेषता है?

[A] श्रवण कौशल ही अन्य भाषायी कौशलों को विकसित करने का प्रमुख आधार है

[B] इससे ध्वनियों के सूक्ष्म अंतर को पहचानने की क्षमता विकसित होती है

[C] श्रवण कौशल को अध्ययन की आधारशिला भी कहा जाता है

[D] उपर्युक्त सभी

89. प्रत्यक्ष विधि की क्या विशेषता है?

[A] भाषा को आगमनात्मक रूप से सीखा जाता है

[B] इनमें जान बूझकर सुनने और बोलने के कौशल को प्राथमिकता दी जाती है

[C] इनमें भाषा को संचार की मांग के रूप में देखा जाता है

[D] उपर्युक्त सभी

90. वाक्य के कितने अंग होते हैं?

[A] 6

[B] 4

[C] 2

[D] उपर्युक्त में से कोई नहीं

91. 'निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटत न हिय के शूल' किसकी पंक्ति है?

[A] जयशंकर प्रसाद

[B] भारतेन्दु हरिश्चंद्र

[C] सुमित्रानंदन पंत

[D] महादेवी वर्मा

92. मुहावरे एवं लोकोक्तियों का प्रयोग, भाषिक अभिव्यक्ति को बनाता है

[A] सजीव

[B] अस्पष्ट

[C] कठिन

[D] शुद्ध

93. 'कामायनी' के रचनाकार कौन हैं?

[A] जयशंकर प्रसाद

[B] प्रेमचंद

[C] धूमिल

[D] रघुवीर सहाय

94. व्याकरण शिक्षण की कौन-सी विधि अधिक प्रभावी होती है?

[A] आगमन-निगमन विधि

[B] सूत्र विधि

[C] पाठ्यपुस्तक विधि

[D] विधेय विधि

95. सूरदास, प्रेमचंद के किस प्रसिद्ध उपन्यास का नायक है?

[A] सेवासदन

[B] रंगभूमि

[C] गोदान

[D] वरदान

96. अरुणाचल प्रदेश के प्रथम स्थानीय हिन्दी उपन्यासकार हैं

[A] लुम्मर दई

[B] जुमसी सिराम

[C] ममांग दई

[D] कालिंग सिराम

97. 'अंधेर नगरी' किस विधा की रचना है?

[A] कहानी

[B] उपन्यास

[C] नाटक

[D] संस्मरण

98. हिन्दी को राजभाषा का दर्जा कब मिला?

[A] 1947

[B] 1948

[C] 1950

[D] 1949

99. त्रिभाषा सूत्र किस वर्ष स्वीकृत हुआ था?

[A] 1968

[B] 1988

[C] 1986

[D] 1965

100. हिन्दी, भारत की कौन-सी भाषा है?

[A] राजभाषा

[B] राष्ट्रभाषा

[C] प्रादेशिक भाषा

[D] क्षेत्रीय भाषा

## SPACE FOR ROUGH WORK

SPACE FOR ROUGH WORK

SPACE FOR ROUGH WORK

★★★